कार्यालय जिला न्यायाधीश, पिथौरागढ़।

दूरभाष / फैक्स 05964 225286 ई–मेल dj-pit-ua@nic.in

पत्रांकः 941 / पन्द्रह–02–2016 पिथौरागढ़ दिनांकः अगस्त 24 , 2024

नीलामी–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी एक वर्ष के लिए जिला न्यायालय पिथौरागढ़ की स्टाफ कैण्टीन की सार्वजनिक नीलामी जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ के सभा कक्ष में **दिनांक 30 अगस्त 2024 दिन शुक्रवार** को समय **अपराह्न 04:00** बजे सम्पन्न करायी जायेगी। कैण्टीन की नीलामी की शर्तें निम्नलिखित होंगीः–

1. बोली बोलने से पहले बोलीदाता को ₹ 5000=00 (₹ पाँच हजार मात्र) प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करनी होगी।
2. नीलामी की न्यूनतम बोली ₹ 62,300=00 (₹ बासठ हजार तीन सौ मात्र) निर्धारित है।
3. बोली स्वीकृत होने के पश्चात् नीलामी में बोली गयी धनराशि की एक चौथाई धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि तीन बराबर किश्तों में जमा की जायेगी।
4. बोली स्वीकृत होने पर स्वीकृत बोलीदाता की उपरोक्त प्रतिभूति धनराशि ₹ 5000=00 (₹ पाँच हजार मात्र) जो प्रतिभूति के रूप में जमा की जायेगी, को अन्तिम किश्त में समायोजित कर लिया जायेगा।
5. सर्वोच्च बोलीदाता जिसकी बोली स्वीकृत की जायेगी, को एक सप्ताह अन्दर ₹ 100=00 (₹ एक सौ मात्र) के गैर न्यायिक स्टाम्प में अनुबन्ध पत्र (इकरारनामा) सम्पादित करना होगा।
6. बोली माननीय जिला न्यायाधीश महोदय, पिथौरागढ़ द्वारा अनुमोदित किये जाने के उपरान्त ही स्वीकृत मानी जायेगी तथा माननीय जिला न्यायाधीश महोदय, पिथौरागढ़ को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकृत की जायेगी, उसे खाद्य सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रखनी होगी तथा किसी भी दशा में उनके द्वारा निषेधित सामग्री का विक्रय नहीं किया जायेगा।
8. उक्त नीलामी सूचना जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ के वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/india/uttarakhand/pithoragarh/tender पर भी उपलब्ध है।

(संजय सिंह),
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पिथौरागढ़।
(अध्यक्ष, नीलामी समिति)

पृष्ठांकन संख्या 2114 / पन्द्रह–02–2016 तद् दिनांक

प्रतिलिपि **महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, सूचना भवन, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त नीलामी सूचना को हिन्दी समाचार पत्र के आगामी अंक में नियमानुसार प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(संजय सिंह),
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पिथौरागढ़।
(अध्यक्ष, नीलामी समिति)